तुलनात्मक शासन एवम् राजनीति

* शासन प्रणालियों के तीन मुख्य रूप ये हैं। (i) गणतंत्र (Republic) (ii) राजतंत्र (monarchy) और निरंकुश तंत्र (despotism)
* इनमें पहली दो उत्कृष्ट शासन-प्रणालियाँ हैं, तीसरी निकृष्ट है।
* गणतंत्र में प्रभुसत्ता पूरे जन समुदाय या किन्हीं परिवारों के हाथ में रहती है।
* इसका मूल सिद्धान्त सद्गुण या सदाचार है। मॉन्टेस्क्यू ने इसकी दो उपश्रेणियाँ स्वीकार की हैं।
  क- लोकतंत्र और ख- अभिजाततंत्र
* अभिजाततंत्र का उदाहरण तत्कालीन वेनिस गणराज्य था जहाँ प्रभुसत्ता का सूत्र अभिजातवर्ग ने संभाल रखा था।
* संविधानवाद के क्षेत्र में मॉन्टेस्क्यू का योगदान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उसने लिखा है कि मनुष्य सब जगह मनोवेगों के वश में हो जाते हैं जिससे निरंकुश तंत्र की स्थापना की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं।

मॉन्टेस्क्यू का शासन प्रणाली वर्गीकरण

शासन प्रणाली

- उत्कृष्ट
  - गणतंत्र — सद्गुण पर आधारित
    - लोकतंत्र — देशप्रेम, समानता और सादगी पर आधारित
    - अभिजाततंत्र — संयम पर आधारित
  - राजतंत्र — सम्मान पर आधारित
- निकृष्ट
  - निरंकुशतंत्र — भय पर आधारित

Scanned By Scanner Go

* मॉन्टेस्क्यू को तत्कालीन इंगलैण्ड की शासन प्रणाली में ये सारी विशेषताएँ दिखाई दीं अतः उसने इसे एक आदर्श प्रणाली के रूप में प्रस्तुत किया।
* मॉन्टेस्क्यू से पहले अंग्रेज दार्शनिक जॉन लॉक ने शासन की कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शक्तियों में अन्तर स्पष्ट किया था।
* मॉन्टेस्क्यू ने यह माँग रखी की एक शक्ति को दूसरी शक्ति पर रोक लगानी चाहिए इस तरह मॉन्टेस्क्यू ने सीमित शासन के सिद्धांत की नींव रखी।

Dr. Rama Kant pandey
S.R.A.P. College
Bara chakiya
East champaran
Bihar

pol-sc (Hons)
part - I
paper - II

Scanned By Scanner Go